# आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेताओ के नाम, आयोजन वर्ष व स्थल की सूची

**आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेताओ की सूची:**

आईसीसी विश्व ट्वेंटी-20 प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन आमतौर पर हर दो साल में किया जाता है और यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा आयोजित किया जाता है। आईसीसी के दस पूर्ण सदस्य इसके लिए स्वत: क्वालीफाई कर जाते हैं। बाकी दो टीमें टी-20 क्वालीफायर मैचों के जरिए आती हैं। आईसीसी टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण 2007 में खेला गया था, जिसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। भारत ने पाकिस्तान को हराकर पहला आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप प्रतियोगिता का ख़िताब जीता था।

वर्ष 2007 के बाद से, छह आईसीसी विश्व टी-20 प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन हो चुका है। वर्ष 2016 के आईसीसी टी-20 विश्व कप का आयोजन भारत में 03 अप्रैल 2016 से 8 मार्च के बीच हुआ था, जिसमें वेस्टइंडीज की टीम ने इंग्लैंड को हराकर 2016 आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। वेस्टइंडीज आईसीसी विश्व ट्वेंटी-20 की सबसे सफल टीम है, उन्होंने साल 2012 और 2016 यह टूर्नामेंट अपने नाम किया हैं। अब तक खेले गए सभी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्व कप के विजेताओं की सूची इस प्रकार है:-

**आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेताओ की सूची:**

| **वर्ष** | **विजेता** | **आयोजन स्थल** |
|---|---|---|
| 2007 | भारत | जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका |
| 2009 | पाकिस्तान | लंदन, इंग्लॆंड |
| 2010 | इंग्लैंड | ब्रिजटाउन, वेस्टइंडीज |
| 2012 | वेस्टइंडीज | कोलम्बो, श्रीलंका |
| 2014 | श्रीलंका | ढ़ाका, बग्लादेश |
| 2016 | वेस्टइंडीज | कोलकाता, भारत |
| 2020 | टीबीसी | मेलबोर्न, ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | टीबीसी | भारत |